<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–25 फरवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश को सिंगापुर से मिले एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे ये एमओयू।
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में रेडियोलॉजी सुविधाओं का किया लोकार्पण। संस्थान के राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ शिशु चिकित्सालय परिसर में तीमारदारों के लिए रैन बसेरा भवन का भी किया शिलान्यास।
- निवार्चन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन में राष्ट्रीय घोषणा 2026 को सर्वसम्मति से मिली स्वीकृति। निष्पक्ष मतदाता सूची को बताया गया लोकतंत्र की आधारशिला।
- मथुरा के बरसाना में आज खेली जाएगी विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय सिंगापुर दौरे के दौरान प्रदेश को विभिन्न कंपनियों से एक लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों में इन्वेस्ट यूपी के साथ 60 हजार करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सिंगापुर दौरे के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरे देश प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित हो रहे हैं।

***अब तक जो हमें प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, इनमें लगभग □1 लाख करोड़ के प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के भी प्राप्त हुए हैं, जिनमें 60,000 करोड़ के एमओयू हमारी जो टीम है इन्वेस्ट यूपी के साथ में अब तक यहां पर संपन्न हो चुके हैं और सभी लोगों को अच्छा लग रहा है कि यूपी के अंदर प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में जो मेहनत हुई है, आज उसका प्रकाश और उसकी यशगाथा देश ही नहीं दुनिया के अंदर भी लोगों को सुनाई दे रही है और लोग बहुत सकारात्मक भाव के साथ यूपी के अंदर अपना निवेश करने के लिए एक सोचते हैं।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगापुर की विभिन्न कंपनियों के साथ हुए एमओयू, प्रदेश में निवेश, रोजगार और वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

***यूपी के उन संभावनाओं को जो इन्वेस्टमेंट के लिए, एंप्लॉयमेंट के लिए और 1 ट्रिलियन की इकोनॉमी की दिशा में यूपी को आगे बढ़ाने के लिए जो आवश्यक है, उसके लिए यह सभी कार्यक्रम हमारे सफलतापूर्वक आगे बढ़े हैं और मेरा विश्वास है, यह जो एमओयू यहां पर हो रहे हैं, यह सभी यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी को बनाने की दिशा में मील के पत्थर साबित होंगे।***

सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन प्रदेश सरकार ने एविएशन सर्विस सेक्टर की अग्रणी कंपनी के साथ महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अत्याधुनिक कार्गो कैम्पस और विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन स्थापित होगा। इसके अलावा इन्वेस्ट यूपी, एक अन्य समझौते के तहत सिंगापुर की कम्पनी के साथ मिलकर प्रदेश में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए काम करेगी। मुख्यमंत्री कल इन्वेस्ट यूपी मेगा रोड शो में भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री आज और कल जापान प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह तैंतीस वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के रेडियोलॉजी डायग्नोस्टिक ब्लॉक में सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्स–रे सुविधाओं का लोकार्पण किया। साथ ही संस्थान के राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ शिशु चिकित्सालय परिसर में तीमारदारों के लिए रैन बसेरा भवन का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन के उपयोग के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सुविधा मिल सके। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार मरीजों और तीमारदारों को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

***अपने मरीजों की सुविधा के लिए, उनके परिजनों की सुविधा के लिए लगातार सरकार बढ़ोतरी कर रही। यहां पर एक नर्सिंग कॉलेज का भी निर्माण होना है। हॉस्टल का भी निर्माण होना है। इसके अलावा स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी कई निर्माण कार्य होने हैं। प्रदेश के लोगों को बेहतर उच्च कोट की चिकित्सा व्यवस्था मिले तथा एमबीबीएस और एमडीएमएस के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गठित आर्थिक कार्य मंत्रिमंडलीय समिति ने कल वर्ष 2026–27 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी को मंजूरी दे दी। टीडी थ्री ग्रेड के कच्चे जूट के लिए वर्ष 2026–27 में एमएसपी पांच हजार नौ सौ पचीस रुपये निर्धारित किया गया है। कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्रिमंडल ने सेवा तीर्थ को संवेदनशील, जवाबदेह और जन–केंद्रित शासन का वैश्विक उदाहरण बनाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सेवा तीर्थ में कल

हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में संकल्प लिया गया कि वर्ष 2047 तक भारत को समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में यह परिसर राष्ट्रीय आकांक्षाओं का सशक्त केंद्र बनेगा।

***सेवा तीर्थ में सेवा के मैसेज को रिएफॉर्म किया गया, रिएमर्फसाइज किया गया। सभी कैबिनेट के मंत्रियों को सबके साथ डिटेल में डिस्कशन हुआ और माननीय प्रधानमंत्री जी के दुरगामी सोच को किस तरह से रिफॉर्म्स में कन्वर्ट करें, किस तरह से हर नागरिक के जीवन में सुधार आए नई ऑपच्यूनिटीज बने वह सब इस रेजोल्यूशन में स्पष्ट तौर पर दिखता है।***

**********

निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन में कल राष्ट्रीय घोषणा 2026 को सर्वसम्मति से स्वीकृति मिल गई। इसके साथ ही नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन का कल समापन हो गया। राष्ट्रीय घोषणा 2026 में कहा गया है कि निष्पक्ष मतदाता सूची तैयार करना लोकतंत्र की आधारशिला है और चुनावों का पारदर्शी तथा कुशल संचालन लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। साथ ही राष्ट्रीय और संवैधानिक हित में, चुनाव आयोग ने देश भर के सभी राज्य चुनाव आयुक्तों के साथ संभावित चुनाव प्रक्रियाओं के लिए पारस्परिक रूप से स्वीकार्य तंत्र और कानूनी रूप से व्यवहार्य ढांचे विकसित करने का सुझाव दिया है। यह गोलमेज सम्मेलन 27 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित किया गया। पिछला सम्मेलन वर्ष 1999 में हुआ था।

**********

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर कार्यक्रम–2026 के तहत नागरिकों द्वारा भरे जाने वाले फार्म–6 के सम्बंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि फार्म–6 के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरा जायेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि फार्म–6 में आवेदक का नाम व सही पता शुद्ध वर्तनी में, नवीनतम स्पष्ट फोटो एवं वर्तमान मोबाइल नम्बर अंकित किया जाना अति आवश्यक है, जिससे उन्हें निर्गत किये जाने वाले मतदाता फोटो पहचान पत्र त्रुटिरहित हो।

**********

मथुरा जिले के बरसाना में आज विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली जाएगी। हमारे मथुरा प्रतिनिधि ने बताया कि ब्रज में लट्ठमार होली की परंपरा बेहद प्राचीन है और बरसाने को इसका केंद्र माना जाता है। इसमें शामिल होने के लिए देश विदेश से लोग बरसाना पहुंच रहे हैं। होली के उत्सव को देखते हुए मथुरा के सभी प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

इस बीच, प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कल बरसाना में रंगोत्सव दो हजार छब्बीस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। साथ ही वहां के प्रमुख श्रीजी मंदिर में धूमधाम से लड्डूमार होली खेली गयी। लट्ठमार होली से ठीक एक दिन पहले खेली जाने वाली लड्डूमार होली का ब्रज में विशेष महत्व है। इस दिन नंदगांव के हुरियारों को न्यौता देकर पाण्डा बरसाना लौटता है, जिसका लोग लड्डू फेक कर स्वागत करते हैं।

**********

भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना द्वारा बारह वायु सेना अस्पताल में कल से एक विशेष मेगा नेत्र शिविर की शुरुआत की गई। शिविर में पहले दिन 100 से अधिक लोगों के आंखों की सफल सर्जरी की गई। सत्ताइस फरवरी तक चलने वाले इस मेगा नेत्र शिविर के दौरान करीब 300 से अधिक लोगों के आंखों की सर्जरी की योजना है। शिविर का नेतृत्व विश्व प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक ब्रिगेडियर डॉ संजय कुमार मिश्रा कर रहे हैं।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग खेलने वाली उत्तर प्रदेश की टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कल अपना नया लोगो जारी किया। टीम के मालिक शाश्वत गोयनका ने कहा कि लखनऊ और उत्तर प्रदेश के लोगों ने पहले दिन से ही सुपर जायंट्स को पंसद किया है।

**********